देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 151 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**अपर कास्ट की घुसपैठ




# पेज श्री

देहरादून, बुधवार, 15 सितंबर 2021



मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 24.0°

39243.41

2 अफगान महिलाओं ने छेड़ी मुहिम
7 मजबूरी में टूर्नामेंट से हटे क्रिस वोक्स

# पाक के आतंकी माड्यूल का भंडाफोड़

## दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने 6 आतंकियों को किया गिरफ्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाक के संगठित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस टीम ने पाक प्रशिक्षित दो आतंकवादी गिरफ्तार भी किए है। इनकी गिरफ्तारी से मल्टी स्टेट ऑपरेशन में विस्फोटक व अन्य चीजें बरामद किए गए हैं। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने पाक प्रशिक्षित दो आतंकवादियों सहित कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इन सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि इन दोनों आतंकियों की ट्रेनिंग पाकिस्तान में हुई थी। इन आतंकियों के अंडरवर्ल्ड से भी संबंध बताए जा रहे हैं।

डीसीपी स्पेशल सेल प्रमोद कुशवाहा ने बताया कि विशेष प्रकोष्ठ ने पाक के संगठित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया, पाक प्रशिक्षित दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है इनके पास से काफी संख्या में विस्फोटक और अन्य चीजें बरामद की गई हैं।

छह आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली, महाराष्ट्र व उत्तर प्रदेश में आपरेशन चला इन्हें गिरफ्तार किया गया। आतंकियों में एक का नाम मोहम्मद ओसामा है, जिसे दिल्ली का ही रहने वाला बताया जा रहा है। राजधानी दिल्ली हमेशा से ही आतंकियों के निशाने पर रही है।

पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन दिल्ली को दहलाने की साजिश रचते रहते हैं, दिल्ली पुलिस को 15 अगस्त से पहले आतंकियों का इनपुट मिला था, उसको ध्यान में रखकर स्पेशल टीम काम कर रही थी। पुलिस की इसके बारे में सूचनाएं मिल रही थी। पुलिस आतंकियों के पूरे मॉड्यूल पर नजर बनाए हुए थी। जब सूचना पुख्ता हो गई उसके बाद स्पेशल सेल ने इस मॉड्यूल के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया, अब इनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने जिन लोकल लोगों को पकड़ा है उनके भी इनसे संबंधों की तलाश की जा रही है।

### विस्फोटक और अग्निशस्त्र बरामद किए: डीसीपी

डीसीपी स्पेशल सेल प्रमोद कुशवाहा ने बताया कि स्पेशल सेल ने ऑपरेशन में विस्फोटक और अग्निशस्त्र बरामद किए हैं। ये गिरफ्तारियां दिल्ली, यूपी, महाराष्ट्र से हुई हैं। दिल्ली पुलिस एक महीने से इस ऑपरेशन को अंजाम दे रही थी। स्लिपर सेल का इस्तेमाल कर ये आतंकी दहशतगर्दी का खेल खेलना चाहते थे।




### यूपी चुनाव को निशाना बनाने का पूरा प्लान था

दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल तकरीबन एक महीने से इसके लिए ऑपरेशनल चला रही थी। ये आतंकी यूपी चुनाव को निशाना बनाने का पूरा प्लान तैयार कर रहे थे। इनके पास से विस्फोटक और हथियार बरामद हुए हैं। इनमें से दो आतंकियों की ट्रेनिंग पाकिस्तान में हुई है। ये दिल्ली,यूपी और महाराष्ट्र में घूमकर रेकी कर रहे थे। पुलिस ने मिले इनपुट के आधार पर इनको गिरफ्तार किया है। अब पुलिस इनको रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। पूछताछ के बाद ही खुलासा हो पाएगा कि आखिरकार ये आतंकी किस मकसद के साथ यहां आए थे और इनका असली इरादा और निशाना क्या था।

## पुलिस-सीआरपीएफ के गश्ती दल पर ग्रेनेड हमला

श्रीनगर। जिला पुलवाला में राजपुरा चौक में गश्त लगा रहे सीआरपीएफ-पुलिस के जवानों पर आतंकवादियों ने ग्रेनेड हमला किया। गनीमत यह रही कि ग्रेनेड निशाने पर न फटकर सुरक्षाबलों से कुछ दूरी पर जाकर फटा, जिसकी चपेट में आने से तीन स्थानीय लोग घायल हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि यह हमला दोपहर करीब पौने एक बजे किया गया। पुलवामा के राजपुरा चौक में स्थित शहीद पार्क के पास जब सीआरपीएफ-पुलिस का संयुक्त दल सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखे हुए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अगले 2 दिन तक इन राज्यों में भारी बारिश की आशंका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में बारिश का दौर लगातार जारी है। मौसम विभाग ने दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में 15 और 16 सितंबर को भी तेज बारिश की संभावना जताई है। साथ ही मध्य प्रदेश और गुजरात में अगले दो दिनों तक बारिश जारी रहेगी। मौसम विभाग के मुताबिक ने छत्तीसगढ़ के अलग-अलग इलाकों में 14 सितंबर को भारी बारिश की आशंका जताई गई है।

### अफगान शरणार्थियों ने तालिबान के विरोध में किया प्रदर्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अफगानिस्तान के शरणार्थियों ने मंगलवार को तालिबान के खिलाफ दिल्ली में जमकर प्रदर्शन किया। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ नारे भी लगाए। प्रदर्शनकारी हांथ में तख्तियां लिए हुए थे जिन पर लिखा था, आतंकवाद और पाकिस्तान एक सिक्के के एक ही पहलू हैं।

## 20वीं सदी की गलतियों को सुधार रहा 21वीं सदी का भारत

### पीएम मोदी ने राजा महेंद्र प्रताप सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी का किया शिलान्यास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अलीगढ़। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अलीगढ़ के साथ प्रदेश तथा देश को दो बड़े तोहफे दिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अलीगढ़ में दो घंटे के कार्यक्रम में राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय का शिलान्यास करने के साथ ही उत्तर प्रदेश डिफेंस कारिडोर के अलीगढ़ नोड की कार्य प्रगति की समीक्षा भी की। प्रधानमंत्री ने अपने 40 मिनट के संबोधन में युवाओं को प्रेरणा देने के साथ उनमें जोश भी भरा। प्रधानमंत्री आगरा एयरपोर्ट पर विशेष प्लेन से उतरने के बाद हेलीकॉप्टर से अलीगढ़ पहुंचे।

प्रधानमंत्री ने इस दौरान वहां पर मौजूद लोगों को संबोधित भी किया। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को नमन करने के साथ ही उनकी कमी को काफी महसूस किया। पीएम मोदी ने युवाओं को राजा महेन्द्र प्रताप सिंह से परिचित कराने के साथ ही अलीगढ़ की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। सीएम योगी आदित्यनाथ के कार्य की काफी प्रशंसा करने के साथ ही कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश का माहौल बना तो बड़ी संख्या में निवेशक आने लगे। जिससे कि देश का गौरव बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने ओडीओपी के तहत तालों व हार्डवेयर को नई पहचान दिलाने का काम किया है। इससे उद्योगों व एसएमएसई को विशेष लाभ होगा, अगले कुछ सालों में 900 करोड़ रुपया निवेश होगा। यूपी डिफेंस कारिडोर बड़े निवेश व रोजगार के बड़े अवसर लेकर आ रहा है यह तब होता है, जब निवेश के लिए जरूरी माहौल बनता है।

पीएम मोदी ने कहा कि 20वीं सदी की उन गलतियों को आज 21वीं सदी का भारत सुधार रहा है। देश की आजादी के आंदोलन में कई महान व्यक्तित्वों ने अपना सब-कुछ खपा दिया।

### उत्तर प्रदेश में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासः पीएम

पीएम मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ व उनकी टीम सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास के मंत्र लेकर प्रदेश को नई भूमिका के लिए तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि अब उनको पर्याप्त अवसर दिया जा रहा है, जिनको अभी तक इससे दूर रखा गया। उन्हें शिक्षा व सरकारी नौकरी में अवसर दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में बदलाव का रास्ता स्वयं चौधरी चरण सिंह ने दशकों पहले दिखाया है।

## आगामी क्वाड शिखर सम्मेलन पर भड़का चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बीजिंग। चीन ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की मेजबानी में आयोजित होने वाले आगामी क्वाड शिखर सम्मेलन को लेकर निशाना साधते हुए कहा है कि दूसरे देशों को निशाना बनाने के लिए 'गुटबाजी' काम नहीं आएगी और इसका कोई भविष्य नहीं है।

राष्ट्रपति बाइडन वाशिंगटन में 24 सितंबर को प्रत्यक्ष तरीके से आयोजित पहले क्वाड शिखर सम्मेलन का आयोजन करेंगे, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन, जापान के निवर्तमान प्रधानमंत्री योशीहिदे सुगा हिस्सा लेंगे। क्वाड के आगामी शिखर सम्मेलन को लेकर टिप्पणी के लिए पूछे जाने पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने कहा कि देशों के बीच सहयोग के जरिए तीसरे पक्ष को निशाना नहीं बनाना चाहिए।

उन्होंने कहा, ''चीन का मानना है कि किसी भी क्षेत्रीय सहयोग ढांचे को समय की प्रवृत्ति के साथ होना चाहिए और क्षेत्र के देशों के बीच आपसी विश्वास तथा सहयोग के अनुकूल होना चाहिए। इसके जरिए किसी तीसरे पक्ष को निशाना नहीं बनाना चाहिए या उनके हितों को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए।''

लिजियान ने कहा कि दूसरे देशों को निशाना बनाने के लिए 'गुटबाजी' नहीं होनी चाहिए और ये तरीके काम नहीं करेंगे तथा इनका कोई भविष्य नहीं है। उन्होंने कहा, ''मैं इस बात का उल्लेख करना चाहता हूं कि चीन न केवल एशिया प्रशांत क्षेत्र में आर्थिक विकास का इंजन है, बल्कि यह शांति की रक्षा करने वाली मुख्य शक्ति भी है।'' साथ ही कहा कि चीन की उन्नति दुनिया में ''शांति के लिए अच्छी खबर'' है। लिजियान ने कहा, ''संबंधित देशों को शीत युद्ध वाली मानसिकता और संकीर्ण सोच वाली भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की अवधारणा को त्याग देना चाहिए।

### क्वाड सम्मेलन

■कहा-'गुटबाजी' काम नहीं आएगी और इसका कोई भविष्य नही

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

## देश में कोरोना के नए मामलों में गिरावट जारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना संक्रमण कम होता दिख रहा है। देश में 9 सितंबर के बाद से कोरोना के मामले लगातार घट रहे हैं। कोरोना के नए मामलों में लगातार पांचवें दिन गिरावट दर्ज की गई है। देश में बीते 24 घंटों में कोरोना के 25 हजार नए मामले सामने आए हैं। इसमें से 15 हजार मामले अकेले केरल राज्य से हैं। मंगलवार सुबह स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में 25,404 नए कोरोना केस आए। इस दौरान पिछले 24 घंटे 339 कोरोना मरीजों की संक्रमण के कारण मौत हुई है। 37,127 लोग कोरोना से ठीक भी हुए हैं यानी कि 12,062 एक्टिव केस कम हो गए।

### भारत ने वैक्सीन की 75 करोड़ डोज लगाने का आंकड़ा छू लिया

भारत ने कोरोना वैक्सीन की 75 करोड़ डोज लगाने का आंकड़ा छू लिया है। इसको लेकर नीति आयोग के सदस्य डाक्टर वी.के. पाल ने कहा कि ये हम सभी भारतीयों और हमारे देश के लिए गर्व की बात है कि लोगों को कोरोना वैक्सीन की 75 करोड़ डोज लगाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि यह शुभ संकेत है।